CCE RF/RR(A)/666/048

**A**

ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ – 1

**MARCH/APRIL 2024 EXAMINATION-1**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]

Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]

Total No. of Questions : 38 ]

**CCE RF/RR**
**FULL SYLLABUS**

Question Paper Serial No.

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **60-H**

**Code No. : 60-H**

**ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ (NCERT)**

**Subject : Third Language — HINDI (NCERT)**

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ )**

**( Regular Fresh / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2024 ] [ Date : 04. 04. 2024

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-15 A.M. to 1-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

**Cut here /ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर का अनुसरण करें)**। **प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो।

HINDI

यहाँ से काटिए

**04. 04. 2024**

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'भय' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) निर्भय (B) सुभय

(C) कुभय (D) डर

2. 'टुकड़ा' शब्द का बहुवचन रूप है –

(A) टुकड़ा (B) टूट

(C) टुकड़ (D) टुकड़े

3. 'आज़ादी' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) स्वतंत्रता (B) परतंत्रता

(C) गणतंत्रता (D) अतंत्रता

4. निम्न में से दीर्घ संधि का उदाहरण है –

(A) चित्रांकन (B) परोपकार

(C) प्रत्येक (D) नि:शब्द

5. निम्न में से उपसर्गयुक्त शब्द है –

(A) शक्तिशाली (B) अज्ञात

(C) घबराहट (D) चिंतनशील

6. मुझे कर्नल से मिलना है।

उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) अल्पविराम (B) अर्धविराम

(C) पूर्ण विराम (D) प्रश्नवाचक

7. ''पाप–पुण्य'' शब्द में समास है –

(A) तत्पुरुष (B) द्विगु

(C) द्वंद्व (D) कर्मधारय

8. 'आग बबूला होना' इस मुहावरे का अर्थ है –

(A) बहुत गुस्सा होना (B) बहुत आनंदित होना

(C) बहुत दु:खी होना (D) बहुत उदास होना

**II. सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए :** **4 × 1 = 4**

| अ | | ब | |
|---|---|---|---|
| 9. | राजकपूर | a) | बादशाह |
| 10. | मनुष्यता | b) | कंपनी बाग |
| 11. | सुलेमान | c) | मैथिलीशरण गुप्त |
| 12. | तोप | d) | हीरामन |
| | | e) | कलकत्ता |
| | | f) | बिहारी |
| | | g) | करुणामय |

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. कलकत्ता वासियों के लिए कौन-सा दिन महत्वपूर्ण था ?

14. सुलेमान किन-किन के राजा और हाकिम थे ?

15. श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की लाज कैसे रखी ?

16. कवि के अनुसार मनुष्य के विवेक की पहचान कैसे होती है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : $8 \times 2 = 16$**

17. स्वतंत्रता दिवस की पुनरावृत्ति के दिन को अमर बनाने के लिए क्या-क्या तैयारियाँ की गयीं ?

18. तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था ?

19. 'तीसरी कसम' फ़िल्म को कौन-कौन से पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है ?

20. मीराबाई श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैय ार हैं ?

21. कंपनी बाग में रखी गयी तोप से क्या सीख मिलती है ?

22. ''विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं''

इस पंक्ति के द्वारा कवि क्या कहना चाहते हैं ?

23. हरिहर काका के भाइयों ने अपनी पत्नियों को क्या सीख दी थी ?

**अथवा**

हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी में क्यों लगने लगे ?

24. पूरे घर में इफ़्फ़न को अपनी दादी से ही विशेष स्नेह क्यों था ?

**अथवा**

नयी कापियों और पुरानी पुस्तकों में से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था ?

**V. क) निम्नलिखित प्रश्नों के आशय स्पष्ट कीजिए : 9 × 3 = 27**

25. हुज़ूर ! यह तो जनशांति भंग हो जाने जैसा कुछ दीख रहा है।

26. सभी क्रियाएँ इतनी गरिमापूर्ण ढंग से कीं कि उसकी हर भंगिमा से लगता था मानो जयजयवंती के सुर गूँज रहे हों।

27. खींच दो अपने खूँ से ज़मीं पर लकीर

इस तरफ़ आने पाए न रावण कोई

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

28. निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ? विवरण कीजिए।

29. बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

30. ''मीठी वाणी बोलने से सुख प्राप्त होता है।'' इस बात को कवि कबीर के अनुसार स्पष्ट कीजिए।

31. पावस ऋतु में प्रकृति में होनेवाले परिवर्तनों का वर्णन कीजिए।

32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

कागद पर लिखत न बनत, कहत सँदेसु लजात।
कहिहै सबु तेरौ हियौ, मेरे हिय की बात।।

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**

लीलाधर मंडलोई का जन्म 1954 में हुआ। वे मूलत: कवि हैं। उनकी कविताओं में छत्तीसगढ़ के जनजीवन का सजीव चित्रण है।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

वज़ीर अली कर्नल से कारतूस हासिल करने के प्रसंग का वर्णन कीजिए।

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

सौरभ फैला ..............................................

..............................................................

..............................................................

.............................................. गल गल।

**VII.** 36. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 × 4 = 4**

स्काउट शिक्षा के द्वारा विद्यार्थी गण आत्मशासन की परिपाटी सीखते हैं। वे नि:स्वार्थ भाव से दूसरों की सहायता करना, स्वावलंबन, देशप्रेम, सेवा धर्म आदि उच्च आदर्शों को प्राप्त कर लेते हैं। स्काउट संस्था ऐसे–ऐसे खेल सिखाती है, जिनसे शारीरिक क्षमता तो आएगी, साथ ही बुद्धि भी तीव्र होती जाएगी। स्काउट

लोगों से इस बात की शपथ ली जाती है कि ईश्वर, राजा और देश में भक्ति रखेंगे, कम-से-कम एक अच्छा कार्य प्रतिदिन अवश्य करेंगे और दूसरों को सहायता देने में सदैव तत्पर रहेंगे।

**प्रश्न :**

अ) स्काउट शिक्षा से विद्यार्थी गण किन-किन आदर्शों को प्राप्त कर सकते हैं ?

आ) स्काउट संस्था द्वारा सीखे जानेवाले खेलों से क्या-क्या लाभ हैं ?

इ) स्काउट में ली जानेवाली शपथ के बारे में लिखिए।

ई) स्काउट लोग सदैव किस काम के लिए तत्पर रहते हैं ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

क) गणतंत्र दिवस

* प्रस्तावना
* गणतंत्र दिवस का महत्व
* आचरण
* उपसंहार

ख) पर्यावरण प्रदूषण

* प्रस्तावना
* कारण
* परिहारोपाय
* उपसंहार

ग) इंटरनेट

* प्रस्तावना
* लाभ
* हानि
* उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. उचित कारण देते हुए चार दिनों की छुट्टी के लिए अपने प्रधान अध्यापक को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

किताबें खरीदने के लिए अपने पिताजी से 1000/- रुपये माँगते हुए एक पत्र लिखिए।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE